भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 09.06.2022

आरेडिका में अफ्रीकी देश सेनेगल के प्रतिनिधि मण्डल का दौरा

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना,रायबरेली में दिनांक 09.06.2022 को अफ्रीकी देश सेनेगल के श्री मायासिन कमारा–सेक्रेटरी ऑफ स्टेट इंचार्ज ऑफ रेलवे एवं श्री साम्बा नडाए –डायरेक्टर जनरल मैनेजर ने फैक्ट्री परिसर का दौरा किया। इस उच्च प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका में तैयार हो रहे कोचों का बहुआयामी अवलोकन किया। इस दौरान राइट्स के अधिकारी भी साथ रहे।

ज्ञात हो कि, आरेडिका विदेशों में कोचों का निर्यात कर रहा है , इसी कड़ी में सेनेगल के एक उच्च प्रतिनिधि मंडल ने आज दिनांक 09.06.2022 को अरेडिका का दौरा किया। उपरोक्त प्रयासों को साकार रूप प्रदान करने लिए आरेडिका के महाप्रबंधक श्री एस.एस.कलसी ने सेनेगल के उच्च प्रतिनिधि मण्डल को आरेडिका में चल रहीं विभिन्न प्रकार के कोचों के निर्माण एवं प्रोद्योगिकी के बारे में अवगत कराया, तथा सेनेगल के प्रतिनिधियों को विश्वास दिलाया कि, आरेडिका सेनेगल की आवश्यकतानुसार टेलर मेड कोच बनाने में सक्षम है।

सेनेगल के प्रतिनिधि मण्डल ने आरेडिका के कोचों की तकनीकी, डिजाइन एवं गुणवत्ता देख कर प्रसन्नता व्यक्त की और कहा कि, यहाँ की अवसंरचना को देख कर ऐसा लगता है कि, आरेडिका का कोच निर्माण हमारी आवश्यकताओं के अनुकूल है। जो सेनेगल रेलवे के अवसंरचनात्मक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। सेनेगल रेलवे में लगभग 1000–1200 किमी की रेल परियोजना है, इसी को ध्यान में रखते हुए जल्दी ही 3 ट्रेन सेट खरीदने हेतु अग्रिम कार्यवाही शुरु करने की संभावना है।

इस अवसर आरेडिका के प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक श्री एन.डी.राव, पीएफए श्री जेएन पाण्डेय, सीडब्लूई ट्रेनसेट श्री आर के एम पासी, सहित उच्च अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

09/6/2022

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी